# एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी करने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

## निर्देश : विभागों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय ने अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** एलपीजी गैस सिलेंडर के लिए परेशान हो रहे लोगों और इसकी हो रहीं कालाबाजारी पर कलेक्टर साकेत मालवीय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि वह नियमिति रूप से गैस एजेंसियों का निरीक्षण करे और समय-सीमा में एलपीजी गैस सिलेंडर की डिलेवरी कराना अनिवार्य करे। दरअसल कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नरवाई प्रबंधन, गेहूं उपार्जन, एलपीजी, पेयजल, जल गंगा संवर्धन, संकल्प से समाधान अभियान के संबंध समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को हिदायत देते हुए कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।




बैठक में कलेक्टर श्री मालवीय ने एलपीजी की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समय सीमा में एलपीजी गैस उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गैस एजेंसियों का समय-समय निरीक्षण किया जाए। वहीं एलपीजी गैस सिलेण्डर की कालाबाजारी करने बालो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। जिससे गैस उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन, आरबी सिण्डोस्क, बृजविहारी लाल श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नरवाई न जलाने के लिए किसानों को करें जागरुकः

बैठक में कलेक्टर श्री मालवीय ने निर्देश दिए कि नरवाई प्रबंधन हेतु जिले के कृषकों को जागरूक करने हेतु चौपालों का आयोजन किया जाए। चौपालों में किसानों नरवाई जलाने के नुकसान और प्रबंधन के फायदे के बारे में जानकारी दी जाए। उन्होंने खाद वितरण हेतु मांग आपूर्ति का डाटा तैयार किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गेहूं उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन एवं सत्यापन का कार्य समस्त एसडीएम द्वारा शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए। उपार्जन केन्द्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं किसानों के लिए उपलब्धू रहे, इस हेतु उपार्जन केन्द्रों का नोडल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर सभी व्यपवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए।

### पेयजल संबंधी शिकायतों का तुरंत करें निराकरण :

कलेक्टर श्री मालवीय ने बैठक में ग्रीष्म काल में पेयजल व्यवस्था हेतु एकल नल जल योजना के क्रियान्वियन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पेयजल संबंधी प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकरण किया जाए। साथ ही उन्होंने ये भी निर्देश दिए कि बंद पडे हैण्डपम्पों को दुरूस्त कर चालू किया जाए, जिससे लोगों को पानी के लिए परेशान न होना पड़े।

### तालाब बावड़ियों की सफाई की जाए :

बैठक में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित शिविरों में प्राप्तं आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जल गंगा संर्वधन अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारियों द्वारा अभियान अंतर्गत किये जाने वाले कार्यो का प्रेजेन्टेंशन तैयार किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के तहत किये जाने वाले कार्यो को जल संचय पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने अभियान के तहत खेत तालाब, डगबेल रिचार्ज, चेक डेम, स्टॉक डेम, नालो, तालाब, बाबडियों की साफ -सफाई की जाए।

# पार्षद राशिद पर धमकाने का मामला दर्ज, घर पहुंची पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पार्षद राशिद खान की मुश्किल कम होने का नाम नहीं ले रहीं है। जहां पहले पार्षद पर मारपीट का मामला दर्ज किया गया था, तो वहीं पुलिस द्वारा अब फरियादी का धमकाने का मामला दर्ज किया गया है। जिसके चलते बुधवार को एसडीओपी विवेक शर्मा के नेतृत्व में पुलिस पार्षछ को गिरफ्तार करने उसके घर पहुंची, लेकिन पार्षद के घर पर न मिलने के कारण उसके घर पर नोटिस चस्पा किया है। दरअसल पार्षद राशिद खान चिन्ना ऑनलाइन सट्टा किंग आजाद खान का भाई है।

दरअसल 12 मार्च को राशिद खान चिन्ना और अल्ताफ खान द्वारा पठार मोहल्ला निवासी गोपाल यादव के साथ मारपीट की गई थी, जिसके बाद उसके द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। वहीं 22 अप्रैल को राशिद खान ने फरियादी के घर पहुंचकर राजीनामे के लिए धमकाया इसकी भी शिकायत फरियादी द्वारा थाने में दर्ज कराई गई। जिसके बाद बुधवार को पुलिस पार्षद को गिरफ्तार करने के लिए घर पर पहुंची, लेकिन वहां पार्षद न मिलने की बजह से उसके घर नोटिस चस्पा किया है। साथ ही परिजनों को समझाइस दी गई कि वह हाजिर हो, नहीं तो विधि सम्मत कार्यवाहीं की जाएगी।

### सट्टा किंग आजाद का भाई है पार्षद चिन्ना :

मारपीट करने के आरोपी पार्षद राशिद खान चिन्ना जिले में सट्टा किंग के नाम से मशहूर आजाद खान का भाई है, जिस पर विगत दिनों पुलिस प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई थी। जहां पहले उसका पिस्टल का लाइसेंस निरस्त किया गया था, तो वहीं ऑनलाइन सट्टे के मामले में गिरफ्तारी की गई थी। इसके साथ ही उसके फार्म हाउस और होटल को जमीदौज किया गया था।

## एक नजर में

### वर्षा बडकुल बनीं दिगंबर जैन महिला परिषद की अध्यक्ष

**नवभारत अशोकनगर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद शाखा अशोकनगर (राजुल संभाग) के आगामी सत्र 2026-28 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन बुधवार को किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ. वर्षा बडकुल को अध्यक्ष चुना गया। परिषद की वर्तमान अध्यक्ष प्रियंका जैन एवं सचिव प्रीति बाबा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि संगठन की मजबूती और एकता का परिचय देते हुए डॉ. वर्षा बड़कुल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। यह घोषण वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुई। वहीं डॉ. वर्षा बड़कुल के नाम की घोषणा होते ही सभा में उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी गई। इस मौके पर वरिष्ठ पदाधिकारी नीलू बरोदिया, ममता जैन, रश्मि जैन, प्रियंका जैन, प्रीति बाबा, अंजू कांसल सहित अन्य सदस्याएं मौजूद रहीं।



### लाठी-डंडों से की मारपीट

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना अंतर्गत पुराना बाजार में एक व्यक्ति के साथ ही ईदगाह मोहल्ला निवासी महिला पुरूष ने गाली-गलौच करते हुए लाठी डंडो से मारपीट कर दी, जिसमें वह घायल हो गया है। तो वहीं घायल की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बाजार निवासी सचिन जैन के साथ मीना सोनी एवं कृष्ण गोपाल सोनी ने मारपीट की है।

# शहर से हटाये जाएं आवारा मवेशी और अतिक्रमण

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हुई चर्चा, कलेक्टर ने दिये निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। शहर के मुख्य मार्गो पर घूम रहे आवारा मवेशियों और मुख्य सड़कों पर फैले अतिक्रमण को बुधवार को आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में चर्चा हुई। साथ ही संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जल्द ही मुख्य मार्गो से अतिक्रमण और आवारा मवेशियों को हटाया जाए, जिससे यातायात सुगम हो।**




दरअसल कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रे ट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर डीएन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर सहित संबंधित उपस्थित रहे। बैठक में जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉटों पर सुधार एवं निगरानी हेतु निर्देश दिए। नये पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन कर उन्हें पैड पार्किंग बनाये जाने के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शहर के मुख्य मार्गों से आवारा पशुओं को हटाये जाने तथा गांधी पार्क, मिलन तिराहा, अस्पताल तिराहा से अतिक्रमण हटाया जाने की कार्यवाही की जाए। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम 2025 राहवीर योजना के संबंध में कार्यवाही की जाए। राजघाट चंदेरी अंतर्गत प्राणपुर घाटी मार्ग पर सड़क दुर्घटना में कमी लाए जाने के संबंध में चर्चा कर आवश्क निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु नगरपालिका द्वारा क्रेन किराये पर लिये जाने के संबंध में चर्चा की गई। दो पहिया वाहन सवार द्वारा हेलमेट धारण करने एवं चार पहिया वाहन सवार चालाकों द्वारा सीटवेल्ट् धारण करने का पालन सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में पीडब्यूडी, एमपीआरडीसी, एनएच की सड़कों पर स्थित डिवाईडरों के मध्य में बने हुये अनावश्यक कट पॉईंट बंद करने के संबंध, बड़े स्तर के स्कूल एवं कॉलेज परिसर के आस पास की सड़कों पर रम्बल ब्रेकर के निर्माण के संबंध में चर्चा, शहरी प्रवेश मार्गों एवं चौराहों पर स्पीड ब्रेकर एवं रेट्रो रिफ्लेक्टिव साईन बोर्ड लगाये जाने पर चर्चा, यातायात चिन्ह एवं रोड़ मार्किंग जो फीकी पड़ चुकी है उसको पुन: थर्मो प्लास्टिक पेंट से चिन्हित करने पर चर्चा, पीडब्यू डी, एमपीआरडीसी, एनएच, प्रधानमंत्री सड़क, आरईएस, नगर पालिका, नगर पंचायत की सड़कों पर बने गड्डों का तत्काल निराकरण किये जाने के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

# टावर के नीचे लगी आग, दमकल से पाया गया आग पर काबू

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मंगलवार की देर रात को छहघरा कॉलोनी में रेलवे स्टेशन के पास जैन मंदिर परिसर में लगे मोबाइल टावर के नीचे अचानक से आग लग गई, इस आग ने देखते ही देखते आग तेज लपटों में तब्दील हो गई और उसके आसपास फैल गई। जिसके चलते स्थानीय लोगों ने फायर विग्रेड का सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर विग्रेड ने स्थानीय रहवासियों की मद्द से आग पर काबू पाया। इस आगजनी की घटना में मोबाइल टावर के नीचे रखा सामान जलकर खाक हो गया। तो वहीं जो फायरविग्रेड आग बुझाने के लिए पहुंची तो उसको लेकर लोग तरह तरह की बाते करते नजर आए, क्योंकि आग बुझाते समय उसका बरनल फूट गया था।



स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगलवार की रात करीब दस बजे मोबाइल टावर के नीचे आग लग गई। f इसके बाद फायर विग्रेड का सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर विग्रेड प्रेशर ज्यादा होने की बजह से उसका बरनल फट गया, जिसके चलते काफी मशक्कत के आग पर काबू पाया। यहा गनीमत यह रही कि इस आग की चपेट में कोई व्यक्ति नहीं आया, नहीं एक बड़ा हादसा हो सकता था।

# नपाध्यक्ष ने लिया खराब गाड़ियों का जायजा

## खराब गाड़ियों को देखकर दुरुस्त कराने के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया द्वारा बुधवार को पठार स्थित फिल्टर प्लांट पहुंचकर कचरा गाड़ियों एवं ट्रैक्टरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एक-एक वाहन की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और जानकारी ली कि कौन-कौन से वाहन चालू स्थिति में हैं तथा किन वाहनों में तकनीकी खराबी है।



निरीक्षण के दौरान श्री मानोरिया ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि खराब वाहनों को तत्काल सुधारकर संचालन में लाया जाए, ताकि नगर की सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इस दौरान उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य समय पर एवं व्यवस्थित तरीके से पूरे किए जाएं। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि नगरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस मौके पर नगर पालिका इंजीनियर भानू कुशवाहा, रिंकू शर्मा, बाबा शिवहरे, शिव शर्मा सहित स्टॉफ उपस्थित रहा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

**अशोकनगर।** ग्राम तरावली के समीप एक बाईक चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें बाईक चालक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की शाम ग्राम महाना निवासी अशोक पुत्र मेहरबान केवट उम्र 35 वर्ष बाईक से शहर से मजदूरी कर अपने गांव लौट रहा था, इसी बीच ग्राम तरावली पर किसी वाहन ने उसमें टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।



# जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ


**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नगर विकास प्रस्फुटन समिति शाढ़ौरा द्वारा जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ बुधवार को सिया कंप्यूटर अमोदा रोड के पास किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने जल गंगा समर्थन अभियान के अंतर्गत जल बचाने की अपील की तथा जल का संचय करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चौहान, विकासखंड समन्वयक मनोज यादव, नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी के अध्यक्ष विवेक रघुवंशी, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कमलेश शर्मा तथा सचिव उमेश रघुवंशी, परामर्शदाता गणेश राम अहिरवार, सडुमरा समिति के अध्यक्ष राजीव रघुवंशी, जलालपुर समिति के अध्यक्ष अमित रघुवंशी, एमएसडब्ल्यू के छात्र अवधेश रघुवंशी व नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य सिद्धार्थ रघुवंशी, सूर्य प्रताप रघुवंशी गौतम शर्मा व गौरव जाट उपस्थित थे।

# कक्षा 5वीं, 8वीं का रिजल्ट घोषित

**परिणामों में छात्राओं ने मारी बाजी**

**कक्षा 5वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत बेहतर**




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा बुधवार को कक्षा 5 वीं और 8 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। घोषित परीक्षा परिणामों कक्षा 5 वीं का रिजल्ट 96.10 प्रतिशत रहा, तो वहीं कक्षा 8 वीं का रिजल्ट 93.64 प्रतिशत रहा। जो प्रदेश स्तरीय घोषित परीक्षा परिणामों के समांतर है। दरअसल इस बार मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केद्र कक्षा 5वीं और 8 वीं की बोर्ड परीक्षाओ में जहां कक्षा 5वीं में 16503 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 15860 परीक्षार्थीयों पास हुए है। तो वहीं 13790 बच्चों कक्षा 8वीं की परीक्षा दी गई थी, जिनमें से 12913 विद्यार्थी पास हुए। इन रिजल्ट की सबसे खास बात ये है कि कक्षा 5 वीं के रिजल्ट में जिले ने प्रदेश में 23 वीं रेंक प्राप्त की है, तो वहीं कक्षा 8 वीं में जिले ने प्रदेश में 35 वीं रैंक हासिल की है।

### कक्षा 5वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत रहा बेहत्तरः

बुधवार को घोषित किए गए कक्षा 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम विगत वर्ष की तुलना में काफी बेहत्तर है, तो वहीं उत्तीर्ण प्रतिशत भी प्रदेश के मुकाबले उत्तम रहा है। इस बार जहां कक्षा 5वीं का प्रदेश का उर्त्तीण प्रतिशत 95.14 प्रतिशत है, तो वहीं जिले का उत्तीर्ण प्रतिशत 96.10 प्रतिशत है। इसके साथ ही कक्षा 8 वीं का उत्तीण प्रतिशत प्रदेश के समकक्ष की है। जहां प्रदेश का कक्षा 8 वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.83 प्रतिशत है, तो वहीं जिले का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.64 प्रतिशत रहा।

## कार्यक्रम

## 95वीं पुण्यतिथी पर उमड़ा जनसैलाब

# नगर गौरव अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी को दी गई भावांजलि

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** निर्भीक पत्रकारिता के पर्याय और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले महान देशभक्त अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की 95वीं पुण्यतिथि बुधवार को मुंगावली में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के तत्वाधान में विद्यार्थी चौराहा पर आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।



इस मौके पर ज्ञानालय परिवार के मुखिया अर्जुन सिंह यादव ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थी जी ने न केवल अपनी कलम से अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी, बल्कि 25 मार्च 1931 को कानपुर के दंगों में मानवता और सौहार्द की रक्षा करते हुए अपना बलिदान दे दिया। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के मुंगावली ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह दांगी ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी जी के आदर्श आज के समय में और भी प्रासंगिक हैं। उनकी निर्भीक पत्रकारिता और सामाजिक समरसता का संदेश नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं नगर के गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय में भी जन भागीदारी समिति अध्यक्ष दीपक पालीवाल, संस्था प्राचार्य सचिन सिंह सहित महाविद्यालय परिवार एवं नगर के पत्रकार गणमान्य नागरिकों द्वारा विद्यार्थी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको भावांजलि दी गई।

### मुंगावली की माटी से बचपन का नाताः

गौरतलब है कि विद्यार्थी जी का मुंगावली से गहरा नाता रहा है। उनका बचपन इसी नगर की गलियों में बीता और उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा तत्कालीन एंग्लो वर्नाक्यूलर स्कूल (वर्तमान मिडिल स्कूल बहादुरपुर रोड) से प्राप्त की थी। यही कारण है कि मुंगावली वासी उन्हें अपना नगर गौरव मानते हैं।

### विद्यार्थी जी के आदर्श पर चलने का लिया संकल्प :

**अशोकनगर।** अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की 95वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय गांधी पार्क श्रद्धांजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिलामुख्यालय के पत्रकारों सहित गणमान्य नागरिकों द्वारा पुष्प अर्पण करते हुए भावांजलि दी गई। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों ने गणेश शंकर विद्याथी जी के जीवन प्रकाश डाला, साथ ही उनके आदर्श पर चलने की बात कहीं।

# मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज का हुआ नगर प्रवेश

**मुनि संघ के सानिध्य में मनेंगे आगामी त्यौहार**

**महावीर जयंती पर होगा आध्यात्मिक शो**

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** आचार्यश्री विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज संसघ का भव्य मंगल प्रवेश बुधवार सुबह नगर में हुआ, जहां नगर के जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा नगर के मल्हारगढ़ रोड स्थित गोशाला पर पहुंचकर मुनि संघ की मंगल आगवानी की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, वही मुनि संघ की आगवानी को लेकर दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी द्वारा एक दिन पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी गई। वही मुनि संघ कुरवाई से मंगल विहार करते हुए नगर में मंगल प्रवेश हुआ, मंगल आगवानी को लेकर लोगों द्वारा अपने घरों के बाहर आकर्षक रंगोली सजाई गई। इस अगवानी में नगर के दिव्य घोष वीर सेवा दल ने मनमोहक प्रस्तुति दी, वही मुनि संघ मल्हारगढ़ रोड, विद्यार्थी चौराहा, स्टेशन रोड, टॉकीज चौराहा होते हुए संत निवास पहुंचे, वही मुनि संघ का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पाद प्रक्षालन किया गया।



### महावीर जयंती पर आध्यात्मिक शो का होगा आयोजन :

मुनिश्री दुर्लभ सागर महाराज संसघ के सानिध्य में जहां महावीर जयंती के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वही इस बार नगर के इतिहास में प्रथम वार आध्यात्मिक शो का आयोजन किया जाएगा, जिसका नाम रत्नत्रय होगा जो कि बर्धमान से वर्तमान के बर्धमान की गाथा को प्रस्तुत करेंगे।